तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 6 मई 2026

10 मार्केट कमेटी कार्यालय में मांगों को लेकर धरने पर बैठे..



10 केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का जीवन सादगी...



## खबर संक्षेप

### चूरापोस्त सप्लाई मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम द्वारा चुरापोस्त सप्लायर आरोपी गांव चंगेरी जिला मंदसौर मध्य प्रदेश निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 जून 2025 को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई कमलजीत सिंह की टीम द्वारा ड्रैन पूल मानस रोड़ कैथल पर नाकाबंदी करके ट्रक नंबर एचआर 56बी0750 को रुकवाकर चालक जशकरण व परिचालक गुरदयाल को काबू किया गया था।

### लंबित मामलों का सहमति से स्थायी निपटारा होगा

**कैथल।** 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर स्थायी निपटारा किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार ने बताया कि यह अभियान सुप्रीम कोर्ट आदेशानुसार संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 21 अप्रैल से हो चुकी है और इसका समापन अगस्त माह में विशेष लोक अदालत के साथ होगा।

### नशा तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डिटेक्टिव स्टाफ ने तशा तस्करी मामले में चार साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ जींद के ईचांर्ज निरीक्षक मनीष कुमार ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए स्टाफ ने सूचना के आधार पर गांव नगूरां निवासी राजेश को पांच किलो 270 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करके आरोपित के खिलाफ नशीले निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

### 180 लीटर लाहण सहित एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ सफीदों ने 180 लीटर लाहण सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ सफीदों के इंचार्ज उप निरीक्षक राधेश्याम ने मंगलवार को बताया कि उनकी एक टीम गश्त व अपराध की रोकथाम के लिए गैस एजेंसी रोड के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सफीदों निवासी मलकीत मलकीत अपने खेत में बने मकान के अंदर अवैध रूप से कच्ची शराब तैयार कर बेचने का कार्य कर रहा है।

### तार हटाने को लेकर मारपीट में पांच घायल

**कैथल।** चीका में बिजली की तार हटाने की रंजिश में पड़ोसियों पर परिवार पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है। इस हमले में 5 लोग घायल हो गए। चीका थाना पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरुकुल गोरी निवासी अमन देव ने आरोप लगा बताया कि करीब 6-7 महीने पहले पड़ोसी सतबीर उर्फ बीरा राम उनके घर से बिजली की तार ले गया था। बिजली बिल के पैसे नहीं देने पर उन्होंने कुछ दिन पहले वह तार वापस हटा ली थी।

### 6.21 ग्राम स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना गुहला क्षेत्र से दो आरोपियों को 6.21 ग्राम स्मैक (चिट्टा) सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला प्रभारी पीएसआई शनेष की अगुवाई में एएसआई रामचंद्र की टीम अपराध की रोकथाम हेतु गश्त पर थी। इसी दौरान गांव दुसेरपुर मोड़ के पास एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि खरका निवासी जसपाल व दलबीर सिंह बाइक पर सवार होकर खरंका की तरफ से दुसेरपुर मोड़ होते हुए गुहला की तरफ जाएंगे जो आपराधिक किस्म के हैं।

## पांच दिन से चल रही हड़ताल, नगर परिषद सफाई कर्मचारियों ने सौंपा चेयरपर्सन को ज्ञापन

# हड़ताल से सैंकड़ों टन कचरा शहर में जमा

### सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर जल्द मुख्यमंत्री से मिलेंगे : डॉ. अनुराधा सैनी

**बदबू से दुकानदारों और लोगों का जीना मुश्किल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांच दिन से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल से सैंकडों टन कचरा शहर में जमा हो गया है। हालांकि नप अधिकारी सफाईकर्मियों को मनाने में जुटे हैं लेकिन सफाई कर्मचारी हड़ताल जारी रखे हुए हैं। मंगलवार को भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी सफाई कर्मियों के बीच पहुंची। सफाई कर्मचारी संघ द्वारा चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी को अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। इससे पहले नप अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. राज सैनी भी सफाई कर्मियों के बीच पहुंचे थे और उनकी मांगों को सीएम तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

सफाई कर्मियों के बीच पहुंची डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि वो अपने सभी सफाई कर्मचारियों के साथ खड़ी हैं। क्योंकि सफाई कर्मचारी हमारे जींद को साफ व सुंदर बनाने अहम भूमिका निभाते हैं। चेयरपर्सन ने बताया कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से जींद की सड़कों पर कई टन ठोस कचरा फैल गया है। इस कारण शहर में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वह उनकी मांगों को लेकर जल्दी ही मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करेंगी और सभी मांगो को पूरा करने का आह्वान करेंगी। एसकेएस जिला अध्यक्ष संजीव ढांडा ने बताया कि पूरे हरियाणा में अभी तक जींद नगर परिषद चेयरपर्सन ही सता पक्ष में होते हुए हमारे बीच पहुंची है, हम उनका धन्यवाद व्यक्त करते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी मुख्यमंत्री से मिलकर हमारी मांगो को पूरा करने में हमारा सहयोग करेंगी। नपा सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बिजेंद्र ने कहा कि वे पांच मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। बुधवार तक हड़ताल रखी गई है। इसके बाद स्टेट कार्यकारिणी के आह्वान पर जो भी फैसला होगाए वह मान्य होगा। डा. अनुराधा सैनी ने इस दौरान सफाई कर्मचारीयों के साथ बैठक उनकी मांगों ओर बातों को सुना। इसके बाद उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। हर रोज जींद से 100 टन से ज्यादा कचरा निकलता है। कई जगह तो बदबू ने आसपास के दुकानदारों और लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हड़ताल के चार दिन भी शहर की गलियों और मुख्य बाजारों में झाड़ू नहीं लगी। गर्मी के बीच जगह-जगह कचरे के पहाड़ खड़े हो गए हैं। जिससे उठने वाली दुर्गंध ने नागरिकों का जीना दुश्वार कर दिया है।



**जींद।** मांगों को लेकर नप अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी।



**जींद।** सफाईकर्मियों की हड़ताल के चलते शहर में लगे गंदगी के ढेर।



**गुहला चीका।** शहर की सड़कों पर लगे कचरे के ढेरो का दृश्य।

### ये रहे मौजूद

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल में पहुंची जींद नगर परिषद चेयरपर्सन ने महिला सफाई कर्मियों के साथ बैठकर खाना खाया और उन्हें विश्वास दिलाया कि वह ओर उनका परिवार पूर्णतः आपके साथ खड़ा है। इस मौके पर सफाई अधिकारी नीलम रानी, जिला अध्यक्ष संजीव ढांडा, ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र कांगड़ा, सोहनलाल, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, संतोष देवी, बेदो देवी, संतरो देवी के साथ सैंकड़ों सफाई कर्मियों के साथ सफाई कर्मचारी संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।



सफाई कर्मियों के साथ खाना खाते नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी।

### चीका में सफाई व्यवस्था चरमराई

**गुहला-चीका।** शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। हालात ऐसे हैं कि शायद ही कोई वार्ड बचा हो, जहां कचरे के ढेर न लगे हों। जगह-जगह जमा कचरे और गंदगी से उठ रही दुर्गंध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। शहरवासियों देसराज, प्रवीण कुमार, सोनू, राजू, मुनीलाल, सोमनाथ, प्रकाशो देवी और भतेरी देवी ने बताया कि नगरपालिका द्वारा नियमित सफाई नहीं करवाई जा रही है। इसके चलते गली-मोहल्लों में कचरे के ढेर लग गए हैं, जिससे गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में नगरपालिका प्रशासन को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नगरपालिका की लापरवाही को लेकर लोगों में भारी रोष है। नागरिकों ने मांग की है कि शहर में फैली गंदगी को तुरंत साफ करवाया जाए, ताकि संक्रमण के खतरे को रोका जा सके।इस संबंध में नगरपालिका के दरोगा ईशम सिंह ने बताया कि सफाई कर्मचारियों का टेंडर समाप्त होने और डोर-टू-डोर कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण कुछ दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्थिति में सुधार किया जाएगा और शहर में लगे कचरे के ढेर उठवा दिए।

# कार अनियंत्रित होकर ड्रेन में गिरी, 20 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के अंबाला रोड से खुराना रोड पर ड्रेन किनारे बनी सड़क पर मंगलवार सुबह कार 20 फीट गहरी ड्रेन में गिर गई। हादसे में कार चालक 20 वर्षीय युवक राहुल की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंबाला रोड निवासी राहुल के रूप में हुई है। यह युवक ड्राइविंग सीखने के लिए अकेला निकला था, लेकिन कार अचानक बेकाबू होकर गहरी ड्रेन में जा गिरी। वह दादा और चाचा के साथ रहकर मजदूरी करता था। कार चलानी नहीं आती थी। इसलिए कार सीखने के लिए 1.15 लाख में पुरानी स्विफ्ट कार खरीदी थी। वह मंगलवार सुबह पहली बार उसे ठीक से चलाना सीख रहा था, लेकिन कुछ ही मिनटों में कोशिश जानलेवा हादसे में बदल गई। हादसा खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना देख आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। बाद में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### दादा-दादी के साथ रहता था राहुल

थाना शहर प्रभारी गीता रानी ने बताया कि मृतक राहुल के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी मां भी उसे दादा-दादी के पास छोड़कर कहीं और चली गई थी। वह फिलहाल दादा-दादी के साथ रह रहा था और मजदूरी कर अपना गुजारा करता था। इस संबंध में पुलिस ने इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है।

# सब इंस्पेक्टर लगवाने का झासा देकर पांच लाख हड़पे

- बेलदार समेत दो लोगों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूपी पुलिस में सब इंसपेक्टर लगवाने का झासा देकर पांच लाख हड़पने का मामला सामने आया है। नौकरी ने लगने पर राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने लौटाने से मना कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदा खुर्द निवासी धर्मपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में गांव राजगढ़ ढोबी निवासी राजकुमार जनस्वास्थ्य विभाग में बेलदार के पद पर कार्यरत है। जिसके चलते आपस में जान पहचान है। राजकुमार ने बताया कि उसका भतीजा विक्की युवकों को यूपी पुलिस में सब इंसपेक्टर लगवाता है। राजकुमार के झांसे में आकर उसने अपने साले के बेटे बिट्टू को नौकरी लगवाने के लिए कहा। यूपी पुलिस मे सब इंसपेक्टर लगवाने के लिए आरोपितों ने 25 लाख की डिमांड की। सात लाख पहले तथा बकाया राशि सिलेक्शन होने के बाद देने के लिए कहा। जिस पर उसने सात लाख रुपये आरोपितों को दे दिए। बावजूद इसके बिट्टू नौकरी नही लगा। जिस पर उसने राजकुमार से रुपये वापस मांगे। राजकुमार ने दो लाख तो दे दिए। बकाया राशि कुछ दिन बाद देने की बात कही। बावजूद दो साल तक आरोपितों ने बकाया राशि पांच लाख नही दिए। जिस पर पुलिस को शिकायत दी तो जनवरी 2026 में रुपये देने की बात कह कर समझौता कर लिया। फिर भी रुपये नही लौटाए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने धर्मपाल की शिकायत पर आरोपित बेलदार राजकुमार तथा उसके भतीजे विक्की के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी सुरेश ने बताया कि नौकरी लगवाने के नाम पर राशि हड़पने की शिकायत दी गई थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ज्वैलर्स गोल्ड देने का झांसा देकर 4.75 लाख का चूना

**जींद।** बैंक से गिरवी रखे गोल्ड छुड़वा उसे देने का झांसा देकर व्यक्ति ने ज्वैलर्स को चार लाख 75 हजार का चूना लगा दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने ज्वैलर्स की शिकायत पर व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी जोगेंद्र ने शिकायत में बताया कि ज्वैलर्स की दुकान चलाता है। जिसकी ऐड बना कर सोशल मीडिया पर डाली है। जिसके पर दिए नंबर पर शीलाखेड़ी निवासी विनोद ने उसके पास कई बाद व्हाट्सअप काल की। बताया कि उसका लगभग सात लाख रुपये कीमत का सोना कैपरी बैंक सफीदों में गिरवी रखा है।



**अलेवा।** नगूरां खरीद केंद्र पर रोष जताते किसान तथा आढ़ती। *फोटो :हरिभूमि*

### वेयर हाउस अधिकारियों पर लगाया गेहूं चोरी का आरोप

**अलेवा।** नगूरां खरीद केंद्र के आढ़तियों तथा किसानों ने वेयर हाउस के अधिकारियों पर गेहूं चोरी करने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत मंगलवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा को दी है। शिकायत में नगूरां खरीद केंद्र के आढ़ती राजेश, मनदीप, जस्सा, दिलबाग, राजेंद्र, जयबीर, नवीन आदि ने बताया कि वेयर हाउस अधिकारियों द्वारा नगूरां खरीद केंद्र से गेहूं चोरी किया जा रहा है। क्योंकि एजेंसी के इंचार्ज ने मार्केट कमेटी सचिव की बिना परमिशन के किसानों व आढ़तियों के पहले से रखे स्टॉक में अपना स्टॉक मिलवा दिया है। जिसके कारण आढ़तियों तथा एजेंसी के गेहूं का आपस में मिलान होने के कारण यह पता नहीं चल रहा कि एजेंसी तथा आढ़तियों को गेहूं कितना-कितना है। जिससे साबित होता है कि एजेंसी के अधिकारी की गेहूं मिलान मामले में मंशा सही नही है। आढ़तियों का कहना है कि एजेंसी के अधिकारी द्वारा स्टॉक को आपस में मिलवा कर गेहूं चोरी किया जा रहा है।

# ट्रक की टक्कर से बुलेट सवार की मौत

- नरवाना अदालत में तारीख भुगत कर दिल्ली लौट रहे थे बाइक से
- घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अहिरका के निकट तेजरफ्तार ट्रक की टक्कर से जींद-नरवाना नेशनल हाइवे पर बुलेट बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक तथा घायल नरवाना कोर्ट मे तारीख भुगत कर वापस दिल्ली जा रहे थे। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुलतान बुढावास (दिल्ली) निवासी राजाराम (30) उसका गांव का ही साथी सुमित बुलेट बाइक पर नरवाना कोर्ट में तारीख भुगतने आए हुए थे। दोपहर बाद दोनों बुलेट पर सवार वापस दिल्ली वापस लौट रहे थे। गांव अहिरका फिलिंग स्टेशन के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने राजाराम को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। घायल सुमित ने बताया कि राजा राम को नरवाना कोर्ट में केस चला हुआ था। उसकी की तारीख पर वह राजा राम के साथ आया हुआ था। घर वापस के दौरान ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जांच जारी

सदर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत तथा उसके साथी के घायल होने सूचना मिली थी। मृतक के शव को मार्चरी मे रखवाया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।



**उचाना।** बिजली निगम कार्यालय परिसर में धरना देते बिजली कर्मी।

### जल्द तबादले रद्द नहीं तो नरवाना डिविजन पर धरना

**उचाना।** बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ समेत तीन कर्मचारियों के तबादले को रद्द करने की मांग को लेकर 29वां दिन भी धरना जारी रहा। अध्यक्षता कमलजीत सिंह श्योकंद ने की। कृष्ण जेई, सुभाष शर्मा, समुंद्र जेई ने कहा कि कर्मचारियों के धरने को शासन, प्रशासन कम आंकने की भूल न करें। मांगों को लेकर निरंतर शांति पूर्वक धरना जारी है। तालमेट कमेटी ने कार्यभारी अभियंत जोगिंद्र कौशिक को धरना स्थल की तरफ से नोटिस भेज कर चेतावनी दी है कि तीन से चार दिन में अगर जो तबादले हुए है वो रद्द नहीं हुए तो तालमेल कमेटी धरना को उचाना सब डिविजन से नरवाना डिविजन पर लेकर जाने का फैसला ले सकती है। नरवाना डिविजन के के जो कैश काउंटर बिजली निगम कार्यालय में चल रहे है उन्हें बंद कर दिया जाएगा। उचाना में कैश काउंटर 28 अप्रैल से बंद है। 4 मई को उचाना में शासन, प्रशासन के खिलाफ कर्मचारियों ने सड़कों पर उतर कर बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से भेजा है।

## शिक्षकों ने खुद उठाया विद्यार्थियों को स्कूल लाने और छोड़ने का जिम्मा

# ईंट भट्ठा मजदूरों के बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बना रोहेड़ा स्कूल

- अब तक कुल 23 लड़के-लड़कियों ने विद्यालय में दाखिला करवाया

दुर्गादास शर्मा ▶▶| राजौंद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रोहेड़ा में शिक्षा के प्रति सराहनीय पहल देखने को मिल रही है। यहां ईंट भट्ठा मजदूरों के बच्चों को प्रतिदिन स्कूल लाकर पढ़ाया जा रहा है। अब तक कुल 23 लड़के-लड़कियों ने विद्यालय में अपना दाखिला करवाया है और नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन बच्चों की शिक्षा में सबसे बड़ी बाधा दूरी और संसाधनों की कमी थी, लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र देओल और डीपीई कृष्ण सिंगरोह ने इसे अपनी जिम्मेदारी समझते खुद ही समाधान निकाला। वे प्रतिदिन अपनी निजी गाड़ी से बच्चों को भट्ठे से स्कूल लेकर आते हैं और छुट्टी के बाद सुरक्षित वापस छोड़कर आते हैं। विद्यालय में बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करवाई जा रही है। कला अध्यापक राजेश कुमार विशेष रुचि के साथ इन बच्चों को पढ़ाते हैं, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति उत्साह बढ़ा है। स्कूल द्वारा बच्चों को कॉपी, पेंसिल जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके साथ ही मिड-डे मील योजना के तहत दोपहर का भोजन भी दिया जाता है। विद्यालय स्टाफ बच्चों के प्रति अतिरिक्त स्नेह दिखाते हुए उन्हें चॉकलेट और बिस्कुट भी उपलब्ध करवा रहा है। पिछले एक महीने में इन बच्चों में काफी सुधार देखने को मिला है और वे पढ़ना-लिखना सीखने लगे हैं। इसके अलावा विद्यालय स्टाफ द्वारा बच्चों को पैंट-शर्ट और जूते भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे वे सम्मानपूर्वक स्कूल आ सकें। पुनीत कार्य में विद्यालय के स्टाफ सदस्य सिकंदर सिंह, बलजीत सिंह, राजबीर सिंह और रामबिलास शास्त्री का भी विशेष योगदान रहा है। यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य को संवार रही है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता का भी संदेश दे रही है।



गांव रोहेड़ा के सरकारी स्कूल में ईंट भट्ठा मजदूरों के बच्चों को पढ़ाते शिक्षक ।

### मजदूरों ने जताया शिक्षकों का आभार

विद्यार्थियों के अभिभावकों ने पहल के लिए शिक्षकों का आभार जताते कहा कि वे आर्थिक अभाव के कारण वे जहां खुद नहीं पढ सके तो वहीं उनके बच्चे भी पढाई से वंचित रह जाते हैं लेकिन अब शिक्षकों की नई पहल ने उनको नई रोशनी दिखाने का काम किया है। इसके लिए उन्होंने स्कूल शिक्षकों का आभार जताया। यही नहीं गाडी में बैठकर बच्चे भी स्कूल जाने के लिए खुश नजर आ रहे हैं।

### युवक ने घर में ही फंदा लगाकर किया सुसाइड

**कैथल।** शहर के चंदाना गेट पर सोमवार रात एक युवक ने घर में ही फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। मृतक की पहचान 18 वर्षीय विकास के रूप में हुई है, जो मूल रूप से शक्ति नगर का रहने वाला था। वह पिछले एक साल से लिव इन पार्टनर व अपनी 6 साल की बेटी के साथ चंदाना गेट स्थित एक किराये के मकान में रह रहा था। विकास की पहली पत्नी से तलाक हो चुका था। इसके बाद वह पिछले करीब एक साल से लिव-इन पार्टनर के साथ रह रहा था। तीन दिन पहले ही लिव इन पार्टनर के छोड़कर चले जाने के बाद वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जांच अधिकारी जय भगवान ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े 10 बजे की बताई जा रही है। उस समय घर में कोई नहीं था।

## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में नेत्र जांच शिविर लगा

जींद। भारत सरकार के निर्देशानुसार डा. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अंसारी नगर दिल्ली से बच्चों के रिफरेक्टिव एरर की जांच हेतु दिल्ली एम्स के डॉक्टर्स की टीम विद्यालय में आई। डॉक्टर प्रवीण वशिष्ठ प्रोफेसर एम्स दिल्ली, प्रोफेसर सुमित ग्रोवर, अमित भारद्वाज व स्थानीय अस्पताल जींद से डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल की देखरेख में तीसरी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के बच्चों की आंखों का निरीक्षण भलीभांति किया । बच्चों को नेत्र सुरक्षा के उपायों से अवगत करवाया।

### मिड-डे मील पर संकट कई माह से नहीं बजट

जींद। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद के जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल और राज्य वाइस चेयरमैन रूपेंद्र गोयत ने बताया कि भारत सरकार की महत्वकांक्षी मिड डे मील योजना केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गई है। धरातल पर तो यह योजना दम तोड़ रही है। पिछले कई महीनों से स्कूलों में कोई बजट नहीं है। महीना समाप्त होने के बाद पिछले महीने का राशन स्कूलों में पहुंचाया जा रहा है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भी मिड डे मील के बारे में स्पष्ट लिखित में कोई गाइडलाइन नहीं दी जा रही है।

### अलग-अलग स्थानों से महिला व युवती लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला तथा युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

गांव कान्हाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो मई को उसकी पत्नी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। वहीं गांव सिंसर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने गायब महिला तथा युवती को तलाशा भी लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा।

### प्रापर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों का समाधान

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र ने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों का निवारण करने के लिए विशेष सुनवाई कार्यक्रम किया। अपने कार्यालय में बुलाई विशेष बैठक में एसडीएम जगदीश चंद्र ने प्रॉपर्टी आईडी के मामलों को सुना और उनका मौके पर ही मौजूद नगर परिषद के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बैठक में आए सभी मामलों का समाधान त्वरित एवं निश्चित समय में किया जाए। मंगलवार को इस बैठक में एसडीएम के समक्ष चार शिकायतें आई जिनके शीघ्र समाधान का फरियादियों को आश्वासन दिया।

### पीएम मोदी की नीतियों पर मतदाता जता रहे विश्वास

उचाना। शिक्षाविद एवं भाजपा नेता रामचंद्र अत्री ने कहा कि गंगोत्री से गंगासार तक भाजपा का शासन इस बात का संदेश देता है कि देश के मतदाताओं का पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विश्वास है। देश का मतदाता इस बात को जान चुका है कि देश पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विश्व गुरू बन सकता है। देश को सशक्त, समृद्ध बनाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी के सशक्त फैसले लेकर किया है। बंगाल में जो जंगलराज था उससे छुटकारा वहां के मतदाताओं को मिल गया है। सही मायनों में बंगाल अब आजाद हुआ है।

### जींद में 8,23,453 एमटी गेहूं की खरीद

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में रबी विपणन सीजन के दौरान गेहूं खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुव्यवस्था और सुचारू प्रबंधन के साथ निरंतर जारी है। जिला प्रशासन किसानों को मंडियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा उनकी उपज की समयबद्ध खरीद सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपायुक्त ने बताया कि गत दिवस तक जिले में कुल 8,23,453 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

### डीएम और एसडीएम के आश्वासन के बाद माने

# मार्केट कमेटी कार्यालय में मांगों को लेकर धरने पर बैठे आढ़ती

## हर गाड़ी में 85 से 90 किलोग्राम तक का अंतर पाया

**वेयरहाउस के कांटे पर नहीं होगा तोल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


जुलाना। धरने पर आढ़तियों को आश्वासन देते डीएम और एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

जुलाना कस्बे की नई अनाज मंडी में वेयरहाउस खरीद एजेंसी पर घोटाले का आरोप लगाते हुए आढ़तियों ने धरना शुरू कर दिया। धरने की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने की। पवन लाठर ने कहा कि एजेंसी द्वारा करोड़ो रुपये का तोल में घोटाला किया गया है। जिसका सीधा असर आढ़तियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। आढ़तियों ने कहा कि जब तक घोटाले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और संबंधित इंस्पेक्टर को नहीं बदला जाताए तब तक मंडी में खरीद और उठान का कार्य पूरी तरह बंद रखा जाएगा। आढ़तियों का आरोप है कि वेयरहाउस एजेंसी द्वारा गेहूं की खरीद में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की जा रही है। विशेष रूप से तोल में भारी अंतर पाया गया है। जिससे आढ़तियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। पवन लाठर ने बताया कि आढ़तियों को शक होने पर उन्होंने वेयरहाउस के बजाय मान्यता प्राप्त पांच अलग-अलग कांटों पर गाड़ियों का तोल करवाया। इस दौरान प्रत्येक गाड़ी में 85 से 90 किलोग्राम तक का अंतर पाया गया जो गंभीर अनियमितता है। उन्होंने बताया कि जुलाना अनाज मंडी में हर सीजन में लगभग 20 लाख गेहूं के बैग आते हैं। सरकार द्वारा खरीद के लिए फूड सप्लाई विभाग और वेयरहाउस एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई है। अब तक वेयरहाउस एजेंसी द्वारा करीब 10 लाख बैग की खरीद की जा चुकी है। जिनमें से लगभग छह लाख बैग का उठान भी हो चुका है। ऐसे में आढ़तियों का आरोप है कि इस गड़बड़ी के चलते उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

#### तोल के लिए कांटे को बदला

आढ़तियों ने मांगों को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय में धरना शुरू कर दिया। धरना लगभग चार घंटे तक चला। सूचना पाकर आढ़तियों को आश्वासन देने के लिए जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह और वेयरहाउस के डीएम रोहतास दहिया पहुंचे। काफी समय तक आढ़तियों की जद्दोजहद चलती रही। डीएम के आश्वासन के बाद आढ़ती मान गए और धरना समाप्त कर दिया। प्रधान पवन लाठर ने बताया कि आढ़तियों की मांगों को डीएम ने मान लिया है। आढ़तियों की 14 अप्रैल से लेकर चार मई तक हुई कटौती में 50 किलोग्राम की भरपाई वेयरहाउस करेगा और तोल के लिए कांटे को बदल दिया गया है। इसी आश्वासन के बाद आढ़ती मान गए और धरने को समाप्त कर दिया।

आढ़तियों के अनुसार एक गाड़ी में औसतन 800 बैग होते हैं और तोल में गड़बड़ी के कारण प्रत्येक गाड़ी में करीब तीन हजार रुपये का नुकसान हो रहा है। इस तरह से यह नुकसान धीरे-धीरे करोड़ों तक पहुंच गया है।बैठक में सभी आढ़तियों ने एकजुट होकर मंडी गेट पर ताला लगाने का फैसला लिया। उनका कहना है कि जब तक घोटाले की उच्चस्तरीय जांच नहीं करवाई जाती और संबंधित इंस्पेक्टर को हटाया नहीं जाता, तब तक मंडी में कोई काम नहीं होगा।आढ़तियों ने प्रशासन और सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का जीवन सादगी पारदर्शिता और जनसेवा को समर्पित : डॉ. मिड्ढा

- पूर्व सीएम के 72वें जन्मदिन पर यज्ञ-स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि राजनीति में सादगी, पारदर्शिता और जनसेवा का पर्याय बन चुके हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जीवन संघर्ष, अनुशासन और समर्पण की एक प्रेरक कहानी है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 72वें जन्मदिन के उपलक्ष पर जयंती देवी मंदिर में आयोजित यज्ञ एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि महान व्यक्तित्वों के जन्मदिन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। कहा कि मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा मिला है। उनके कार्यकाल में हजारों युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के सिद्धांत पर केवल योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली। जिससे युवाओं में विश्वास और उत्साह का संचार हुआ। उनकी सोच को निरंतर आगे बढाते हुए वर्तमान सरकार भी इन्ही सिद्धांतों पर आगे बढ रही है। उन्होंने देश के विकास पर बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होनें कहा कि केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल ने एक साधारण परिवार में जन्म लेकर अपने जीवन की शुरुआत बेहद सामान्य परिस्थितियों से की. लेकिन अपने दृढ़ संकल्प और संगठनात्मक क्षमता के बल पर वे देश के प्रमुख नेताओं में शामिल हुए।


उचाना। तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर खुशी मनाते भाजपा पदाधिकारी।

#### जीत पीएम की नीतियों पर मोहर : मांडी

उचाना। पांच राज्यों में विस चुनावों में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी सहित तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर छात्तर मंडल अध्यक्ष श्रवण मांडी, महामंत्री दीपक, करसिंधु मंडल प्रदीप खटकड़ ने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश की जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर मुहर है। पीएम नरेंद्र मोदी एक दूरदर्शी नेता हैं, जो देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए समर्पित हैं। 2029 तक भारत में वह सभी बड़े लक्ष्य पूरे होंगे, जिनकी कल्पना देश की जनता और प्रधानमंत्री करते हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश ने अभूतपूर्व विकास देखा है। ऐसे अनेक प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं जो दशकों से लंबित थे। आज देश की सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार हुआ है।

### दिल्ली-जाखल ट्रेन के समय मालगाड़ी को रवाना किया, यात्री परेशान

जींद। सोमवार रात को 54035 दिल्ली-जाखल पैसेंजर के निर्धारित समय पर मालगाड़ी को ट्रैक पर चला दिया गया। गाड़ी को आधा घंटा तक वहीं खड़ा रखाख जिससे हालात ऐसे बन गए कि यात्री मच्छरों और गर्मी के बीच परेशान होते नजर आए। दिल्ली-जाखल पैसेंजर सोमवार रात को जींद पहुंची थी। यात्रियों को उम्मीद थी कि गाड़ी निर्धारित समय पर आगे के लिए रवाना होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गाड़ी के आने से पहले ही मालगाड़ी को ट्रैक पर रवाना कर दिया गया। जिससे सवारी दिल्ली-जाखल को रोकना पड़ा। इसके बाद दिल्ली से चलकर कुरुक्षेत्र जाने वाली 14023 डीएमयू भी पहुंच गई। उसके आउटर पर पहुंचते ही दिल्ली-जाखल पैसेंजर के चलने की अनाउंसमेंट कर दी और कुछ देर बाद गाड़ी को रवाना कर दिया।

#### साइंस ओलंपियाड में नैंसी प्रथम

उचाना। जींद में आयोजित साईंस ओलम्पियाड परीक्षा में शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन की छात्रा नैंसी पुत्री डॉ. राज, वंश पुत्र अमित ने उत्कृष्ट प्रदेश करते हुए प्रदेश स्तर पर क्रमश प्रथम, छठां स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थियों का राष्ट्रीयस्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों विद्यार्थियों को स्कूल में सम्मानित किया। खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शैक्षणिक स्तर पर लगातार नए आयाम स्थापित स्कूल कर रहा है। चेयरमैन राजबीर सिंह, निदेशक कुलदीप बिढ़ान ने विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉफ की प्रशंसा की।



उचाना। विद्यार्थी को सम्मानित करते प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार।


ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

#### रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव झांझ खुर्द व बडौदी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया। जिसमें टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान भूपेंद्र यादव, श्यामो देवी, कमलेश देवी, सुशील शर्मा, पवन कुमार, जयवीर नेहरा व पवन श्योकंद स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गांव में बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर ब्लड स्लाइड तैयार की गई व लैब में जांच के लिए भिजवाई ताकि समय रहते मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाया जा सके। भूपेंद्र यादव, श्यामो देवी व कमलेश देवी ने बताया कि टीम ने गांव में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर लोगों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी।

#### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद के एनसीसी कैडेट्स प्राचार्य सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए महाविद्यालय परिसर से रवाना हुए। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कैडेट्स को प्रेरित करते कहा कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण नही बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेट्स को शिविर के दौरान पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं सक्रिय भागीदारी के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करने का संदेश दिया। एनसीसी प्रभारी डा. ज्योति लडवाल के निर्देशन में कैडेट्स का प्रस्थान सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से सुनिश्चित किया गया।


जींद। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना होते कैडेट्स।



जुलाना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरना देते कर्मचारी।

#### कौशल कर्मचारियों का धरना शुरू

जुलाना। जुलाना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। धरने की अध्यक्षता कर्मचारी नेता मनमोहन सिंह ने की। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रोष प्रकट किया। मनमोहन ने कहा कि उन्हें भिवानी स्थित पीजीआई में डेपुटेशन पर भेजा जा रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अचानक स्थानांतरण से आवागमन का खर्च बढ़ रहा है और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर भी असर पड़ रहा है। बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें स्थानीय स्तर पर ही काम करने दिया जाए या फिर डेपुटेशन की स्थिति में उन्हें अतिरिक्त भत्ते और सुविधाएं प्रदान की जाएं।


सफा खेड़ी में रामनिवास सफा खेड़ी के निवास पर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### जीत के लिए भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया

उचाना। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला उचाना हलके में पहुंचे। मंगलपुर, सफा खेड़ी, काब्रच्छा सहित विभिन्न गांव में कार्यकर्ताओं के सुख, दुख में शामिल हुए। सफा खेड़ी में रामनिवास सफा खेड़ी के यहां पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी द्वारा किए चुनाव आयोग द्वारा सीट चोरी के ट्विट पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस प्रकार से बंगाल में पैरा मिल्ट्री, मिल्ट्री, चुनाव आयोग, केंद्र के कर्मचारियों का उपयोग हुआ जो लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। आज ये बंगाल में किया तो नतीजा क्या आया ये पूरे देश के सामने है। भाजपा ने तमिलनाडू को छेड़ा नहीं तो वहां नतीजा क्या रहा सबके सामने है। केरल के अंदर भाजपा की स्थित भी सामने आ चुकी है। पुडुचेरी में जहां सहयोग की सरकार थी वहां भाजपा के कितने विधायक जीते। आज जिस तरीके से बंगाल का चुनाव लड़ा गया वो साफ दिखाता है नैतिक तौर पर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करके ये जीत दर्ज की। इस मौके पर जोरा सिंह डूमरखा, वीरेंद्र कौशिक, नसीब घसो आदि मौजूद रहे।

# 'नियमित रूप से मिट्टी का परीक्षण करवाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते किसान। फोटो :हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गांव निडाना में किसानों के लिए संतुलित उर्वरकों के उपयोग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डा. धीरज पंघाल ने किया। इस अवसर पर डा. पंघाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फसलों की बेहतर पैदावार और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए उर्वरकों का संतुलित उपयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अधिक या कम मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग न केवल फसल को नुकसान पहुंचाता हैए बल्कि मिट्टी की सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने किसानों को नियमित रूप से मिट्टी परीक्षण करवाने की सलाह दी ताकि मिट्टी में पोषक तत्वों की सही स्थिति का पता लगाया जा सके और उसी के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने मिट्टी स्वास्थ्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि यह किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने में मदद करता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपने अनुभव सांझा किए और उर्वरक प्रबंधन से संबंधित कई सवाल पूछे। जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। अंत में किसानों को जागरूक करते हुए संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने का संदेश दिया गया।


अलेवा। बीडीपीओ कार्यालय में शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम रमित यादव।

### अलेवा समाधान शिविर में पहुंचे 31 फरियादी

अलेवा। अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को उचाना के एसडीएम रमित यादव के नेतृत्व में एक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीडीपीओ जयपाल सिंह ने की। इसमें मुख्य तौर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन रामपाल शर्मा व उप चेयरमैन शमशेर सैनी नगूरां ने हिस्सा लिया। तीसरे सप्ताह लगाए समाधान शिविर में पेंशन से संबधित, फैमिली आइडी, पानी की समस्याए व राशन कार्ड कटने समेत लगभग 31 शिकायतें आई। इनमें से कुछ समस्याओं का एसडीएम द्वारा सबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर मौके पर समाधान कराया गया, जबकि कुछ समस्याओं का सबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान कराने की हिदायत दी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि सरकार व उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा अलेवा खंड के लोगों की समस्याओं का नजदीक ही समाधान कराने के लिए प्रत्येक सप्ताह समाधान शिविर लगाने की हिदायत दी गई।

### पांचवी से आठवीं और नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगा प्रतियोगिताओं का आयोजन

# विद्यार्थी सांस्कृतिक उत्सव में दिखाएंगे प्रतिभा का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




राजकीय स्कूलों के विद्यार्थी सांस्कृतिक उत्सव में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाएंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सांस्कृतिक उत्सव 2026 के आयोजन व उसकी तैयारी को लेकर विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अंतर्गत कक्षा पांचवी से आठवीं और नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालयए खंड व जिला स्तर पर सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता 12 से 22 मई, खंड स्तर पर 14 से 25 जुलाई और जिला स्तर पर 24 से 29 अगस्त तक आयोजित होंगी। कार्यक्रम से हरियाणा की विरासत, संस्कृति, नैतिक मूल्य व पर्यावरण आधारित रहेगी। प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य (एकल व समूह), रागनी और नाट्य प्रस्तुति शामिल रहेंगी। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मिडिल स्कूलों को दो हजार रुपये, राजकीय उच्च विद्यालयों को तीन हजार रुपये व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को चार हजार रुपये प्रति विद्यालय की राशि जारी की जाएगी। वहीं ब्लाक स्तर पर लोकनृत्य ग्रुप कैटेगरी में प्रथम स्थान आने पर तीन हजार रुपये, दूसरा स्थान पाने पर 2500 रुपये, तीसरा स्थान पाने पर दो हजार रुपये व सांत्वना पुरस्कार 800 रुपये दिए जाएंगे। वहीं लोकनृत्य एकल व रागिनी एकल कैटेगरी में प्रथम स्थान आने पर दो हजार रुपये, दूसरा स्थान आने पर 1500 रुपये, तीसरा स्थान आने पर एक हजार रुपये और सांत्वना पुरस्कार 800 रुपये दिए जाएंगे। वहीं नाट्य प्रस्तुति प्रथम स्थान आने पर तीन हजार रुपयेए दूसरा स्थान आने पर 2500 रुपये, तीसरा स्थान आने पर दो हजार व सांत्वना पुरस्कार 800 रुपये दिए जाएंगे। केवल नाट्य प्रस्तुति में बैक ग्राउंड संगीत में ग्राउंड में रिकार्डिंग या लाइव में जो भी टीम की जरूरत हो की अनुमति रहेगी। वेशभूषा व प्रोप के लिए प्रतिभागी टीम को अपने स्तर पर प्रबंधन करना होगा।

#### बेहतर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा

प्रतियोगिता में 100 अंकों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। इसमें थीम के 20 अंक, वेशभूषा के 20 अंक, प्रस्तुतिकरण के 20 अंक, संगीत के 20 अंक और प्रोप के लिए 20 अंक निर्धारित किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि विद्यार्थियों को सांस्कृतिक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय सीमा में कराया जाएगा।


जींद। कैंपस प्लेसमेंट में साक्षात्कार देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आईटीआई कैंपस प्लेसमेंट में 116 प्रशिक्षुओं का चयन

जींद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद के परीक्षा सभागार में मंगलवार को आयोजित रोजगार एवं प्लेसमेंट मेले में 116 प्रशिक्षुओं का चयन देश की विभिन्न नामी कंपनियों में किया गया। इस कैंपस ड्राइव का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें युवाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य ने जानकारी देते बताया कि मेले में भाग लेने के लिए तकनीकी ट्रेडों के 120 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया था। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सबसे पहले छात्रों को उनके कार्य प्रोफाइल और कंपनी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। जिसके बाद लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। चयन प्रक्रिया के समापन के बाद कुल 116 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। प्रधानाचार्य नरेश पांचाल ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि संस्थान का निरंतर प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा दी जाए बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सीधे उद्योगों के साथ जोड़ा जाए।

## खबर संक्षेप

### मौसम में बदलाव से मिली राहत

राजौंद। मंगलवार को मौसम में आए अचानक बदलाव ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में धूप निकलती रही, जिससे पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहा। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ती गर्मी और तपिश से लोग काफी परेशान थे, लेकिन मंगलवार को बादलों की मौजूदगी ने तापमान को काफी हद तक नीचे ला दिया। दिनभर तेज धूप नहीं निकलने के कारण वातावरण में ठंडक महसूस की गई और लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम के इस बदलाव से न केवल आमजन को गर्मी से राहत मिली, बल्कि बाजारों सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की आवाजाही बढ़ती नजर आई।

### शिक्षा के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा ऋण

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की योजना के अंतर्गत महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक करके समृद्ध बनाना है। कुछ परिवार के पास सीमित साधनों के कारण महिलाओं को उच्च शिक्षा देने से रोक दिया जाता है। अत्यधिक फीस व बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज दर के भार को कम करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा बैंकों के माध्यम से महिलाओं व लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज दर पर सब्सिडी देने की पहल की गई है। निगम से सब्सिडी प्राप्त करने के लिये आय, जाति का कोई मापदंड नही है।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया पूर्व सीएम का जन्मदिन

# हवन-पूजन कर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की लंबी आयु की कामना

**लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी में हलका विधायक सतपाल जांबा के कार्यालय में केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आहुतियां डालकर खट्टर की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश में राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन किए। आज प्रदेश का युवा भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर उससे जुड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि खट्टर सरकार के कार्यकाल में बिना पर्ची और बिना खर्ची के पारदर्शी तरीके से योग्य युवाओं को नौकरियां दी गईं। किसानों के हित में कई फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया और अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में 'जगमग योजना' के तहत 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जिससे गांवों का विकास तेजी से हुआ। अब भी प्रदेश सरकार उसका अनुशरण कर रही है। विधायक जांबा ने खट्टर को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए कहा कि वे उनके पदचिह्नों पर चलते हुए हलके में विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।



पूंडरी। पूंडरी में आयोजित हवन में आहुतियां डालते हुए विधायक सतपाल जांबा व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*



गुहला-चीका। गुहला-चीका के श्री भवानी मंदिर में मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### जनसेवा को समर्पित नेता



ढांड। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गांव कौल के पंचायत भवन के प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन। इस अवसर पर कैथल जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ हवन यज्ञ में आहुति डालकर विधि-विधान से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती, पार्षद जितेंद्र टाया, पूर्व सरपंच गुलाब सिंह, पूर्व सरपंच कृष शोकंद जाजनपुर, पूर्व सरपंच शेर सिंह कौल, मास्टर रणबीर सिंह आर्य, अजय कौल, फौजी रणधीर सिंह, नरेश शर्मा, बबली सागवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एक सरल, ईमानदार और जनसेवा को समर्पित नेता हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यशैली और नीतियां आज भी जनता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### गुहला-चीका में मनाया पूर्व सीएम का जन्मदिन

गुहला-चीका। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर गुहला-चीका में भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्थानीय श्री भवानी मंदिर के प्रांगण में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए, जहां विधि-विधान से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। बेदाग छवि और ऐतिहासिक फैसलों का जिक्र इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश शर्मा पिंटू ने कहा कि श्री मनोहर लाल का जीवन एक खुली किताब की तरह है और उनकी छवि हमेशा बेदाग रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को ऐतिहासिक निर्णयों के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, "बिना पर्ची-बिना खर्ची के मेरिट के आधार पर युवाओं को रोजगार देकर उन्होंने एक नई मिसाल कायम की है। उनकी ईमानदारी को विपक्ष भी स्वीकार करता है।" इस अवसर पर सनातन धर्म सभा के प्रधान राजीव शर्मा, मोती राम, ललित जिंदल, मनोज मित्तल, कुलदीप माजरा, व्यापारी नेता राजकुमार जाखोली, सुभाष भार्गव, ओम प्रकाश कम्बोज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कनेक्शन व फिटिंग को लेकर विवाद

# पूंडरी: गैस चूल्हे में विस्फोट से बड़ा हादसा टला, महिला बाल-बाल बची



पूंडरी। पूंडरी में एक मकान में फटा गैस चूल्हा। *फोटो : हरिभूमि*

- गनीमत रही कि गैस पाइपलाइन में आग नहीं लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी के वार्ड नंबर 2 में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक घर की रसोई में गैस चूल्हे में अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में घर की महिला बाल-बाल बच गई, जबकि रसोई में रखा सामान इधर-उधर बिखर गया।

जानकारी के अनुसार वार्ड निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने एक दिन पहले ही आईजीएल कंपनी की गैस पाइपलाइन का कनेक्शन लगवाया था। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे जब घर की महिला खाना बनाने लगी तो कुछ ही देर बाद चूल्हे में जोरदार विस्फोट हो गया। गनीमत रही कि गैस पाइपलाइन में आग नहीं लगी और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

रमेश कुमार का आरोप है कि कंपनी कर्मचारियों द्वारा की गई फिटिंग सही तरीके से नहीं की गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। उनका कहना है कि कनेक्शन लेने के अगले ही दिन इस प्रकार की घटना होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

वहीं, कंपनी के पूंडरी अधिकारी चंद्रेश यादव ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि पूरे पूंडरी शहर में कंपनी द्वारा लगाए गए कनेक्शनों में कहीं भी इस प्रकार की घटना सामने नहीं आई है।

उन्होंने बताया कि संबंधित घर में कंपनी के मानक के अनुसार गैस चूल्हा नहीं लगाया गया था, बल्कि एक सामान्य (चाइनीज) चूल्हे का उपयोग किया जा रहा था, जिस पर लगा ग्लास अधिक गर्मी के कारण फट गया और विस्फोट जैसी स्थिति बन गई।

उनके अनुसार गैस कनेक्शन या पाइपलाइन में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं थी।

### सतर्क रहने की अपील

फिलहाल, घटना को लेकर दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। गनीमत यह रही कि समय रहते बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद गैस उपकरणों की गुणवत्ता और फिटिंग की जांच को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।

# डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत नगर पालिका में सफाई व डोर टू डोर कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन प्रवेश कर गई। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। डोर टू डोर व सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कार्य ठप्प है। इस तरह हड़ताल के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर अड़े कर्मचारियों और सरकार के बीच जारी गतिरोध का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते कहा कि भाजपा के 12 साल के कार्यकाल में एक भी कर्मचारी को पक्का नहीं किया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस शासन के दौरान बनी कर्मचारी पॉलिसी पर अब सुप्रीम कोर्ट की रोक भी हट चुकी है। लेकिन सरकार जानबूझकर इसे लागू करने में देरी कर रही है। हड़ताल के चलते शहरवासियों में प्रशासन के प्रति भारी रोष है। सार्वजनिक स्थानों पर जमा कचरा अब बीमारियों और संक्रमण का खतरा पैदा कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि प्रशासन को आंदोलन के दौरान सफाई की वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।



कलायत। नगर पालिका में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

### ट्यूबवेल के तार चोरी करने के 2 आरोपी गिरफ्तार

कैथल। थाना सीवन क्षेत्र में खेत से ट्यूबवेल की तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी गांव कांगथली निवासी कश्मीरा व मलकीत उर्फ मलकी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव भूना निवासी रामसरण की शिकायत अनुसार 24 फरवरी की रात को उसके खेत से ट्यूबवेल की 60 फुट तार चोरी कर ली गई थी। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपियों से व्यापक पूछताछ के लिए अदालत से 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया हैं।



कैथल। दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

# विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

- क्लस्टर स्तर पर लोक नृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्लस्टर स्तर पर लोक नृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य हरदयाल अरोड़ा ने की। कार्यक्रम का संचालन अमनदीप कौर ने कुशलतापूर्वक किया। निर्णायक मंडल में संतोष रानी, सुरेंद्र, आशा रानी व अमनदीप कौर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, खाद्य सुरक्षा, संतुलित आहार, शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रोल प्ले प्रस्तुत किए। वहीं लोक नृत्य के माध्यम से लड़के-लड़कियों को समान अवसर, तंबाकू रहित हरियाणा और स्वस्थ जीवनशैली जैसे सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।



सीवन। कन्या स्कूल में प्रतिभागी बच्चे स्टाफ के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

# नगरपालिका कर्मचारियों ने हड़ताल को सात तक बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पांचवे दिन मंगलवार को भी नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद कैथल के कर्मचारियों ने हड़ताल करके नगर परिषद के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते संध के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। नवम्बर 2024 को जींद में महर्षि वाल्मीकि के प्रगट दिवस पर मुख्य मन्त्री नायाब सैनी, कृष्ण बेदी द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारी को 26,000 और शहरी सफाई कर्मचारी को 27000 वेतन देने की घोषणा की गई थी, परन्तु आज तक कर्मचारियों के वेतन मे बढोत्तरी नहीं की। आज की हड़ताल में सुमेश राणा, अमित कुमार, मुकेश कुमार प्रेमी, पंकज गिल, सुखा नौच मौजूद रहे।



कैथल। धरने पर नारेबाजी करते नपा कर्मचारी।

# सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण नीति अपना रही: गौरव

- कर्मचारियों ने नपा चीका के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबद्ध के आह्वान पर चल रही हड़ताल बुधवार को पांचवें दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने नगर पालिका चीका के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया।

धरने की अध्यक्षता ब्लॉक उपप्रधान तलविंदर कुमार ने की, जबकि संचालन ब्लॉक सहसचिव सतीश ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते संघ के राज्य मुख्य संगठनकर्ता एवं एसकेएस जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम और नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण नीति अपना रही है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2024 में जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्री कृष्ण बेदी ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26,000 रुपये और शहरी सफाई कर्मचारियों को 27,000 रुपये वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक यह लागू नहीं हुई है।



गुहला-चीका। नपा गेट के बाहर हड़ताल पर बैठे कर्मचारी नारेबाजी करते हुए।

# आरकेएसडी कॉलेज की एमकॉम छात्रा रूबी को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति

- रूबी ने अपनी उपलब्धि पर महाविद्यालय सभी प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के सायंकालीन सत्र की एम.कॉम छात्रा रूबी ने स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह छात्रवृत्ति छात्राओं को स्नातक परीक्षा में मेरिट के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत पात्र छात्रा को कुल 3,00,000 की राशि दी जाती है, जिसमें 1,50,000 स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष तथा 1,50,000 स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के लिए प्रदान किए जाते हैं। रूबी ने अपनी उपलब्धि पर महाविद्यालय एवं सभी प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह भविष्य में एस.एस.सी. परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करना चाहती है। इस अवसर पर प्रधान अश्वनी शोरेवाला तथा प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने रूबी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।



कैथल। छात्रा रूबी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

# पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

- कैथल जिला किसान कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

किसान भवन, कैथल में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कैथल जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जोरा सिंह सिनंद और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढाँड ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसान प्रतिनिधियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस बार हरियाणा किसान कांग्रेस ने कैथल जिला संगठन को विस्तार देते हुए बड़ी संख्या में पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसमें शामिल हैं:15 जिला उपाध्यक्ष, 32 जिला महासचिव, 36 जिला सचिव, 1 जिला मुख्य प्रवक्ता, 2 जिला प्रवक्ता शामिल हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एक स्वर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल खैरा, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धर्मवीर कौलेख़ां, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढाँड, सुदीप सुरजेवाला और किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जोरा सिंह सिनंद का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



कैथल। कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र से विशेष रेलगाड़ी को दिखाई हरी झंडी

# श्रद्धालु तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ रवाना

**प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से करीब 800 श्रद्धालु रवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र से एक विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से करीब 800 श्रद्धालु तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस यात्रा में कैथल जिले के 54 तीर्थ यात्री भी शामिल हैं। डीसी अपराजिता ने जानकारी देते बताया कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यह विशेष ट्रेन तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ भेजी जा रही है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। पिछले महीने बुजुर्ग श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन करवाए गए थे।

उन्होंने बताया कि यह योजना 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाती है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है। अब तक प्रदेश के हजारों बुजुर्ग इस योजना का लाभ उठाकर विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं।



कैथल। सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ रवाना होते श्रद्धालु।

### बुजुर्गों के चेहरों पर दिखी खुशी

*विशेष ट्रेन में सवार होते समय बुजुर्गों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। श्रद्धालुओं ने सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से उन्हें तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है, जो उनके लिए एक यादगार अनुभव रहेगा।*

## खबर संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स कैंप के लिए रवाना

जींद। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहिरका के बच्चे खुंगा कोठी के नवोदय विद्यालय में लगने वाले कैंप में भाग लेने के लिए एनसीसी कैडेट्स रवाना हुए। स्कूल डायरेक्टर वजीर ढांडा ने कहा कि यह स्कूल के लिए यादगार पल रहा। कैंप 10 दिन तक चलेगा। इस मौके पर प्रिंसिपल सुधा शर्मा और सीटीओ बंटी रेढू मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया रैपिड सर्वे

जींद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत गांव सिंधवीखेड़ा में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह व स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया व पम्पलेट बांटे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गांव के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। इस दौरान बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी रक्त पट्टिका बनाई गई ताकि समय रहते मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाया जा सके।

### झगड़े में दो पक्षों के छह लोग घायल

कैथल। कैथल के गांव टयोंठा में नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए झगड़े में दो पक्षों के छह व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कैथल के अस्पताल में उपचाराधीन गांव टयोंठा की महिला कृष्णा देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह मंगलवार को प्रातः करीब 9 बजे अपने घर में फर्श धो रही थी। इस दौरान उनके पड़ोसियों ने कहा कि उनकी तरफ गंदा पानी मत आने दो। इसे लेकर उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि उनके पड़ोसी प्रदीप, कृष्ण, शिवांस व अन्य उनको घसीटकर अपने घर ले गए। वहां पर उनके साथ मारपीट की। जब उसकी बेटी व सास बचाव में आए, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। बाद में जब उसका पति घर आया, तो उसके साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष से कृष्ण व प्रदीप ने बताया कि इस झगड़े में उनको भी चोटें आई हैं। एसडीयू इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के लोगों की ओर से पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## निदेशक ने जिले में करवाई जा रही जनगणना को लेकर की समीक्षा

# बेझिझक दें निजी जानकारी, कोई कर्मी नहीं मांगेगा दस्तावेज : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के जनगणना निदेशक डा. ललीत जैन। फोटो : हरिभूमि



जींद। जनगणना कार्य का निरीक्षण करते हुए हरियाणा के जनगणना निदेशक डा. ललीत जैन। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के जनगणना निदेशक डा. ललीत जैन ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हमारी जनगणना, हमारा विकास के प्रथम चरण के अभियान के तहत जिला में करवाई जा रही जनगणना के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी स्वेच्छा से और सटीक रूप से दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि एक विश्वसनीय और अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जा सके। यह डाटाबेस सरकार की विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा। कार्य को पूरी पारदर्शिता व स्पष्टता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि कार्य से संबंधित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को कोई बात समझ नही आती तो बे झिझक बात पूछ सकते है।

समीक्षा बैठक के दौरान डा. ललित जैन ने जनगणना की प्रगति, तैयारियों तथा फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी स्वेच्छा से और सटीक रूप से दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि एक विश्वसनीय और अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जा सके। यह डाटाबेस सरकार की विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा। डा. ललित जैन ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों के रहन-सहन, आवासीय सुविधाओं एवं जीवन स्तर से संबंधित जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 33 प्रश्नों के माध्यम से एलपीजी उपयोग, विद्युत सुविधाएं, वाहन, शौचालय, जल स्रोत, मकान की स्थिति (पक्का या कच्चा), कमरों की संख्या आदि का विवरण दर्ज किया जा रहा है।

इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड में कार्य कर रहे जनगणना कर्मियों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जनगणना कर्मियों के साथ पूर्ण सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी जनगणना कर्मी ओटीपी, आधार संख्या या अन्य निजी दस्तावेज नहीं मांगता है। सभी कर्मियों के पास स्कैन कोड युक्त पहचान पत्र उपलब्ध है, जिसके माध्यम से उनकी पहचान सत्यापित की जा सकती है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने निदेशक जनगणना को आश्वस्त करते हुए बताया कि जिले में जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रयाप्त मात्रा में इन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीआरओ राजकुमार डिविजन इंचार्ज राधा रमन, जिला नोडल अधिकारी सुखबीर सिंह सहित सभी चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

### जांच को अर्बन एस्टेट पहुंचे निदेशक

इस अवसर पर जनगणना निदेशक डा. ललित जैन ने अर्बन एस्टेट क्षेत्र के कई मकानों में स्वयं पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने फील्ड में तैनात जनगणना कर्मियों के साथ जाकर कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। जनगणना निदेशक डा. ललीत जैन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिले में आगामी जनगणना के पहले चरण, हाउस लिस्टिंग (घर-घर सर्वेक्षण) को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। आने वाले 15-20 दिनों में इन्यूमरेटर जिले के प्रत्येक घर तक पहुंचकर यह जानकारी एकत्रित करेंगे। जिला प्रशासन हरियाणा में सेल्फ. एन्यूमरेशन के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और इस बार भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी जनगणना कर्मी ओटीपी, आधार नंबर या अन्य निजी दस्तावेज नहीं मांगेगा। सभी कर्मियों के पास स्कैन कोड युक्त पहचान पत्र उपलब्ध है, जिसे स्कैन कर उनकी सत्यता की पुष्टि की जा सकती है। जनगणना से संबंधित जानकारी के लिए राज्य स्तर पर टोल फ्री हेल्पलाइन 1855 एवं 01686-245206 सक्रिय की गई है। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर भी हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है। हाउस लिस्टिंग का कार्य 31 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जनगणना का दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। जिसमें वास्तविक जनसंख्या का आंकलन किया जाएगा।

## धुआं उठते ही बजेगा सायरन

# अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी को लेकर लगवाए उपकरण



जींद। अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में लगाए गए फायर सेफ्टी उपकरण व सिलंडर। फोटो : हरिभूमि

- जल्द अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को फायर एनओसी मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी को लेकर पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। बाकायदा फायर सेफ्टी एनओसी के लिए भी अप्लाई किया गया है। अस्पताल में आने वाले लोगों को फायर से बचाने के लिए जगह-जगह फायर सेफ्टी उपकरण लगा दिए गए हैं। जिनमें धुआं लगते ही सायरन बजने लगेगा। जिससे आग लगने का समय रहते पता चल जाएगा और बचाव कार्य जल्द हो सकेगा।

नागरिक अस्पताल में पिछले सात माह से 14.91 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार का कार्य चला हुआ है। आजतक भी यह पूरा नहीं हुआ हैए जबकि यह डेढ़ महीने पहले ही पूरा करना था। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी को लेकर पाइप लाइन बिछा दी गई है। इसके साथ ही उपकरण भी लगा दिए गए हैं लेकिन अभी तक एनओसी नहीं मिली है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में भी फायर सेफ्टी उपकरण लगने हैं। जिसके लिए बजट की मांग की गई है। आग से बचाव को लेकर पुरानी बिल्डिंग स्थित इमरजेंसी से लेकर फिजियोथैरेपी कमरे, एसएनसीयू के आसपास लेंटर में फायर सेफ्टी उपकरण इंस्टॉल करवाए गए हैं। जो धुआं उठते ही सायरन बजा देंगे। इसके अलावा पुरानी बिल्डिंग में अस्पताल प्रशासन द्वारा दो तरह के फायर सिलेंडर भी रखवाए गए हैं। जिनका प्रयोग आग लगने पर किया जा सकेगा। इसमें एक सिलेंडर 50 लीटर क्षमता के हैं। जिनकी संख्या छह है।

### फायर सेफ्टी को लेकर पुख्ता प्रबंध : डा. पूनिया

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी को लेकर स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्तर पर कोई कोर कसर नही छोड़ना चाह रहा है। आगजनी की घटना से बचाव को लेकर जगह-जगह फायर सेफ्टी उपकरण व सिलेंडर लगवाए गए हैं। फायर सेफ्टी को लेकर पानी के पाइप भी बिछाए गए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को फायर एनओसी मिल जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल का केक काटकर जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। खुशी व्यक्त करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। मंगलवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में स्वयं कैबिनेट मंत्री ने नरवाना के कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों को लड्डू खिला कर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर बधाई दी और उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मनोहर लाल को हरियाणा का विकास पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल जी के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान ही प्रदेश को विकास की नई दिशा मिली और आमजन में सरकारी नीतियों का लाभ लेने की नई उम्मीद जगी। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल जी के कार्यकाल में बिना पर्ची, बिना खर्ची योग्यता के आधार पर शिक्षित युवाओं में सरकारी नौकरी प्राप्त करने का नया विश्वास पैदा हुआ। साथ ही हरियाणा एक हरियाणवी एक की अवधारणा पर प्रदेश में किसान, मजदूर, व्यापारी, महिला, युवा तथा खिलाड़ी सहित समाज के तमाम वर्गों को विकास का बराबर फायदा मिला है।



कलायत। कलायत आइटीआई में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद संस्थान एवं कंपनी अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### आइटीआई के 78 विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन

कलायत। कलायत स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह ने की। व्यवस्था की कमान प्लेसमेंट अधिकारी रवींद्र कुमार ने संभाली। इसमें गोदरेज कंपनी ने 78 विद्यार्थियों को किया शॉर्टलिस्ट किया। मेले में नामी बहुराष्ट्रीय कंपनी गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड मोहाली (पंजाब) ने शिरकत मेले में शिरकत की। कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए योग्य विद्यार्थियों का चयन किया। प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह ने बताया इस मेले में विभिन्न ट्रेड के अंतिम वर्ष के लगभग 107 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनी के प्रतिनिधियों में संजीव चावला, संदीप कुमार और जयपाल सिंह शामिल रहे। उन्होंने संबंधित कंपपियों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया और उनके साक्षात्कार लिए। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद 78 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। प्लेसमेंट अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 14 हजार रुपए मासिक वेतन के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इसमें वित्तीय लाभ बोनस, ईएसआई और पीएफ। सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से मेडिकल इंश्योरेंस, जीपीए और सेफ्टी शूज। वर्दी भोजन की सुविधा और साल में 14 छुट्टियों सहित 7 राष्ट्रीय अवकाश रहेंगे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। हसनपुर गांव में हवन में पूर्णाहुति डालते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिन पर उनकी लंबी उम्र की कामना को लेकर उचाना हलके के गांव जीवनपुर में हवन किया। हवन में पूर्णा आहुति विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने दी। अत्री ने कहा कि सभी ने मिलकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। संत के साथ जन सेवा के संकल्प के साथ सेवा वो कर रहे है। प्रदेश में बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी देने के लिए जन्मदाता है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले सिफारिशों, अपने चेहतों को नौकरी दी जाती थी। 2014 में जब भाजपा की सरकार बनी सीएम मनोहर लाल बने तो युवाओं को मेरिट के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी दी। गरीब परिवार के युवा बड़े-बड़े पदों पर नौकरी लगे। प्रदेश में तीसरी बार लगातार सत्ता में आना बिना पर्ची-बिना खर्ची के जो नौकरी दी गई थी वो सबसे बड़ा कारण रहा। आज जो शुरूआत सीएम रहते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने की थी उसको आगे बढ़ाने का काम सीएम नायब सिंह सैनी कर रहे है।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### राजौंद व आसपास के गांवों में रोड शो निकाला

राजौंद। शहर के पूंडरी मार्ग पर स्थित जेडकिंग कंप्यूटर सेंटर राजौंद व एचकेसीएल के सहयोग से आईटी रथ के माध्यम से राजौंद व आसपास के गांव में रोड शो निकाला गया। जिसमें जेडकिंग कंप्यूटर सेंटर राजौंद के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और एक उत्साह के साथ रोड शो में प्रदर्शन किया। जिसमें कंप्यूटर स्किल, साइबर सेफ्टी स्किल्स व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए आई के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। जेडकिंग कंप्यूटर सेंटर राजौंद व एचकेसीएल के सहयोग से डिजिटल समर कैंप कैंपेन चलाया जा रहा है। जिसमें सभी बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आईटूल साइबर सिक्योरिटी के साथ-साथ 100 एआई टूल्स फ्री सीखाए जा रहे हैं। जिससे बच्चों को साइबर व एआई का एक्सपर्ट बनाया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सीखकर बच्चे अपना होमवर्क स्मार्ट तरीके से कम समय में कर सकते हैं। जिससे उनकी मेमोरी पावर स्ट्रांग हो रही है और उनका बौध्दिक विकास बढ़ रहा है।

# पेयजल आपूर्ति के संचालन को दिया प्रशिक्षण

- नई पेयजल पॉलिसी को लेकर जुलाना के सरपंच व ग्राम सचिव को किया जागरूक
- इंडियन बैंक में खुलेंगें सभी ग्राम पंचायतों के बैंक खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए रणधीर मताना। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि पेयजल आपूर्ति के प्रबंधन व रखरखाव की नई पॉलिसी में ग्रामीणों की सहभागिता बढने से पेयजल आपूर्ति की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और व्यवस्था सुधरेगी। मताना जुलाना के रेस्ट हाउस में मंगलवार को नई नीति को लेकर आयोजित ग्राम सचिव व सरपंच के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। मताना ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि नई पेयजल नीति को हरियाणा सरकार द्वारा 24 मार्च 2026 को मंत्रीमंडल की बैठक में मंजूरी देकर 31 मार्च 2026 को बजट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार एक अप्रैल 2026 से सिंगल विलेज स्कीम व एक अप्रैल 2027 से मल्टीपल विलेज स्कीम में यह योजना लागू की जाएगी। इस योजना में सबसे पहले विशेष ग्राम सभा का आयोजन करके ग्राम सभा की सहमति से सांझा घोषणा पत्र पर सरपंच, ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति व विभाग के अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में पेयजल के प्रबंधन व रखरखाव जैसे बिजली के उपकरण मोटर, स्टार्टर, केबल आदि को ठीक करवाना, लिकेज ठीक करवाना, अस्वच्छ कनैक्शन ठीक करवाना व हर घर तक पेयजल आपूर्ति करवाना आदि शामिल रहेंगे। जबकि नए जलघर का निर्माण, टयूब्वैल लगवाना व नई पाइप लाइन लगवाना आदि कार्य विभाग के द्वारा ही किए जाएंगे। इस योजना में सभी ग्राम पंचायत के बैंक खाते इंडियन बैंक में खोले जाएंगे। इस मौके पर उपमंडल अभियंता सतीश नैन, एसईपीओ नरेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता नवीन नेहरा, अजय कुमार, खंड समन्वय सोमलता सैनी व दिनेश कुमार सहित जुलाना ब्लाक के सरपंच व ग्राम सचिव उपस्थित रहे।



पूंडरी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कन्या महाविद्यालय की छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में भाग लेने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पहुंचीं छात्राएं

पूंडरी। चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण प्राचार्या डॉ शकुंतला सिंगला के मार्गदर्शन तथा डॉ अनु और डॉ पुष्पा रानी के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और महिला अधिकारों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञ वक्ताओं के प्रेरणादायक विचार सुनने का अवसर मिला। वक्ताओं ने महिला शिक्षा, आत्मनिर्भरता, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी, जिससे छात्राओं को नई दिशा और प्रेरणा प्राप्त हुई।

# जिले के 23 विद्यालयों में होगा एफएलएस मूल्यांकन

- चौथी कक्षा के बच्चों का होगा हिंदी, अंग्रेजी और गणित में परीक्षण : राजेश वशिष्ठ

जींद। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को परखने और बच्चों की सीखने की क्षमता का आंकलन करने के उद्देश्य से इस वर्ष फिर से एफएलएस का आयोजन किया जा रहा है। यह मूल्यांकन छह से आठ मई तक जिले के कुल 23 विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा चौथी के विद्यार्थियों का हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों में मूल्यांकन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि एफएलएस परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के सभी 23 एफआई (फील्ड इंवेस्टिगेटर) को डाइट की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान एफआई को टैबलेट के माध्यम से पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई ताकि वे मूल्यांकन के दौरान तकनीकी रूप से सक्षम रहें। सभी एफआई छह से आठ मई के बीच अपने-अपने निर्धारित विद्यालयों में जाकर मूल्यांकन कार्य करेंगे। एफएलएस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डाइट की ओर से ऑब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। इन ऑब्जर्वरों को भी आज विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्हें बताया गया कि निरीक्षण के दौरान किन बिंदुओं पर ध्यान देना है और विभाग द्वारा दिए गए विद्यालयों में जाकर किस प्रकार से मूल्यांकन प्रक्रिया की निगरानी करनी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कुकिंग और स्किट में किया शानदार प्रदर्शन

# वुड स्टॉक स्कूल में टैलेंट हंट प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

वुड स्टॉक स्कूल में आज एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसने पूरे विद्यालय परिसर को ऊर्जा, रचनात्मकता और प्रतिभा के रंगों से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं समस्त छात्र व छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मंगलमय शुरुआत ने पूरे आयोजन को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया। प्रतियोगिता को तीन समूहों में विभाजित किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं, कक्षा 6वीं से 8वीं तथा कक्षा तीसरी से 5वीं। सभी समूहों के विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कुकिंग और स्किट जैसी विभिन्न विधाओं में भाग लेकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं से 12वीं वर्ग में छात्रा प्रीत ने अपने शानदार नृत्य से प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र मिहिर ने कुकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। वहीं हर्ष ने स्केचिंग में तृतीय स्थान प्राप्त कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और खूब सराहना बटोरी। कक्षा 6वीं से 8वीं वर्ग में रितिका ने नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीवांश ने मधुर गायन के माध्यम से द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि दिशा ने नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी से पांचवीं वर्ग में गुनीत ने नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशवीध्तेजसी ने द्वितीय स्थान तथा तन्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया।कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### उज्ज्वल भविष्य की कामना

स्कूल प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने अपने संदेश में कहा कि श्विद्यालयविद्यार्थियों की प्रतिभा और ऊर्जा देखकर अत्यंत गर्व महसूस होता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। मैं सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को हार्दिक बधाई देती हू और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ। समापन के साथ यह कार्यक्रम एक यादगार अनुभव बन गयाए जिसने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया और सभी के दिलों में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार किया।